कार्यालय प्राचार्य, मातुश्री शांताबा हजारीमलजी के. पी. संघवी राजकीय महाविद्यालय, रेवदर

भीम BhIM भारत इंटीग्रेशन मिशन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनाक. 23.08.2024

क्रं.सं. :एफ1()स्था/रामरे/2024-25/

प्रेस विज्ञप्ति

एम.ए.-प्रथम सेमेस्टर (इतिहास) हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ

रेवदर, उपखण्ड स्थित मातुश्री शान्ताबा हंजारीमलजी के.पी.संघवी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार मीना ने बताया कि स्नातकोत्तर इतिहास विषय (पूर्वार्द्ध/सेमेस्टर-प्रथम) में सत्र-2024-25 हेतु नवीन प्रवेश के लिए आवेदन दिनांक 28 अगस्त से 11 सितम्बर 2024 मध्य ई-मित्र से किये जा सकेंगे। महाविद्यालय द्वारा दिनांक 14 सितम्बर को आवेदनों का ऑनलाईन सत्यापन कर अन्तिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जायेगा ।

नोडल अधिकारी भँवर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नवप्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन दिनांक 25 सितम्बर को किया जायेगा एवं शिक्षण कार्य 26 सितम्बर से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। विद्यार्थी प्रवेश से संबंधित जानकारी हेतु प्रवेश नोडल अधिकरी से सम्पर्क करे एवं महाविद्यालय के सूचना पट्ट व महाविद्यालय की वेबसाईट (https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcreodar) पर निरन्तर अवलोकन करते रहे।

प्रवेश नोडल अधिकारी

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय रेवदर

PRINCIPAL
GOVT. COLLEGE REODAR
SIROHI (RAJ.)